(ग) यदि हां, तो प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साहो) : (क) से (ग) दिल्ली विश्वविद्यालय के अनुसार विश्वविद्यालयों और कालेज अध्यापकों को परीक्षा कार्य और/या सहकारी अध्ययन कार्यकलापों में भाग लेने के लिए की गई यात्राओं के लिए वाहन प्रभार अनुमत्य है । अध्यापकों को कालेजों के शासी निकायों और/या विश्वविद्यालयों के सांविधिक निकायों की बैठकों में भाग लेने के लिए की गई यात्राओं के वास्ते वास्तविक टैक्सी किराया भी दिया जाता है ।

तीन मूर्ति और शाहदरा के बीच परिवहन निगम की बस सेवा

2775. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक** : क्या **जल भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि तीन मूर्ति से शाहदरा वाया माता सुन्दरी कालेज और लाल किला के बीच दिल्ली परिवहन निगम की कोई बसें नहीं चलतीं जिससे कालेज जाने वाले छात्रों तथा अन्य दैनिक यात्रियों को काफी असुविधा हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस मार्ग पर कोई नई बस सेवाएं चलाने का विचार रखती है ; और

(ग) यदि हां, तो प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) से (ग) तीन मूर्ति और मोरी गेट के बीच रूट नं० 200 की बसें चलती हैं जिससे तीन मूर्ति और माता सुन्दरी कालेज के बीच सीधा सम्पर्क है । इसके अलावा अनेक दूसरे रूट विभिन्न कालोनियों से विश्वविद्यालय विशेष ट्रिप्स भी तीन मूर्ति क्षेत्र और माता सुन्दरी कालेज तक जाते हैं । विभिन्न अड़चनों के कारण दिल्ली परिवहन निगम के लिए विभिन्न कालोनियों से सभी महत्वपूर्ण स्थानों तक सीधी बस सेवाएं प्रदान कर पाना संभव नहीं है । यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाते हैं कि यात्री एक बस बदल कर अपने गंतव्य स्थान तक पहुंच जाएं । इस मामले में छात्र/यात्री दिल्ली गेट, कनाट सर्कस, केन्द्रीय सचिवालय आदि जैसे किसी स्थान से बस बदलकर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंच सकते हैं जहां से शाहदरा और तीन मूर्ति के लिए अनेक बस सेवा उपलब्ध है ।

उड़ीसा में उपभोक्ता ट्रंक डायलिंग वाले कनेक्शन

2776. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक** : क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान उड़ीसा के विभिन्न शहरों, विशेषकर, मयूरगंज में उपभोक्ता ट्रंक डायलिंग सेवा प्रदान करने की योजना को अंतिम रूप दे दिया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस प्रयोजन के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव) : (क) जी हां ।

(ख) ब्यौरा विवरण में दिया गया है ।

(ग) एस टी डी की व्यवस्था करने के लिए आटोमाइजेशन/स्थानीय टेलीफोन एक्सचेंजों को बदलने, विश्वसनीय संचारण माध्यम प्रदान करने, ट्रंक आटोमेटिक एक्सचेंजों की संस्थापना करने, कनेक्टिंग उपस्कर आदि प्रदान करने जैसे अनेक कार्य करने पड़ते हैं । एस टी डी के प्रयोजन से अलग से कोई निधि अलाट नहीं की जाती ।